**पद : व्यवसाय विकास प्रबंधक** **पद कोड : MII-BDM-01**

**कुल पद : 1 (एक)**

**कार्य अवधि :** मेक इन इंडिया के लिए जैव प्रौद्योगिकी उद्योग सुविधा प्रकोष्ठ कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (पीएमयू) की स्थापना जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) द्वारा बाइरैक में की गई है। यह पद पूर्ण रूप से अस्थायी (अनुबंध के आधार पर) है और परियोजना की समाप्ति के साथ समाप्त हो जाएगा। परियोजना की वर्तमान अवधि मार्च 2026 तक है।

**समेकित पारिश्रमिक** : योग्यता और अनुभव के आधार पर प्रति माह 90,000/- रु. से 2,70,000/- रु. के मध्य बीच एकमुश्त राशि।

**कार्य विवरण :** बायोटेक क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय मिशन कार्यक्रम - मेक इन इंडिया (MII) का नेतृत्व डीबीटी द्वारा किया जाता है जो कि वर्ष 2015 से बाइरैक संस्था द्वारा समर्थित है। PMU नीति वकालत, डेटा अनुसंधान और विश्लेषण, हितधारकों के परामर्श का कार्य करता है और रणनीतिक इनपुट प्रदान करता है। यह बायोफाउंड्री/बायोमैन्युफैक्चरिंग पहल का समर्थन करता है। इस PMU के तहत स्थापित बायोटेक क्षेत्र के लिए परियोजना विकास प्रकोष्ठ मुख्यतः निवेश मंजूरी प्रकोष्ठ देश की जैव अर्थव्यवस्था और बायोटेक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए इन्वेस्ट इंडिया और DBT के साथ मिलकर काम करेगा।

व्यवसाय विकास प्रबंधक मुख्य रूप से पी.डी.सी. गतिविधियों के समग्र निष्पादन में पी.एम.यू. टीम का समर्थन करेंगे, हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़कर बायोमैन्युफैक्चरिंग के लिए निवेश योग्य परियोजना लीड तैयार करेंगे। संबंधित सलाहकारों/पेशेवर एजेंसियों के साथ जुड़कर परियोजना रिपोर्ट तैयार करेंगे। सक्षम प्राधिकारी द्वारा समस्या समाधान के लिए सुझाए गए इनपुट के साथ रिपोर्ट तैयार करेंगे।

**रिपोर्टिंग** : चयनित अभ्यर्थी मिशन निदेशक – एमआईआई को रिपोर्ट करेंगे।

| **मुख्य उत्तरदायित्व :** | **अनिवार्य योग्यता :** |
|---|---|
| • निवेशकों, उद्योग, इन्वेस्ट इंडिया और डीपीआईआईटी सहित हितधारकों के साथ संवाद के माध्यम से बायोफाउंड्री/बायोमैन्युफैक्चरिंग के लिए निवेश योग्य परियोजना लीड तैयार करना।<br>• रणनीति संबंधी बैठकों का आयोजन एवं समन्वय करना तथा निवेशकों को सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करना।<br>• पीपीपी निवेश निर्णयों को सुगम बनाना तथा मुद्दों के समाधान के लिए एसजीओएस के विचारार्थ अद्यतन इनपुट उपलब्ध कराना।<br>• जैव विनिर्माण और मेक इन इंडिया के लिए राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर आवश्यक समर्थन को बढ़ावा देना और जुटाना।<br>• राज्य सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार, हितधारकों की बैठकें, निवेशक परामर्श और अन्य आउटरीच गतिविधि जैसे कार्यक्रमों के आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाना।<br>• MII माइक्रोसाइट का प्रबंधन और अद्यतन करना तथा विभिन्न डैशबोर्ड जैसे नालंदा, ई-समीक्षा आदि को अद्यतित रखना।<br>• ICC, इन्वेस्ट इंडिया, DPIIT और अन्य सहित MII PMU टीम के साथ मिलकर काम करना।<br>• बायोसाइंस इनोवेशन पार्क जैसी नई पहलों/गतिविधियों में सहायता प्रदान करना।<br>• मेक इन इंडिया के अधिदेश के अनुरूप अन्य कार्यों में योगदान देना।<br>• आवश्यकतानुसार घरेलू हवाई यात्रा करना। | जैविक विज्ञान से संबंधित किसी भी क्षेत्र में स्नातक के साथ व्यवसाय, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, संबंधित क्षेत्रों में स्नातकोत्तर/पीजी डिप्लोमा<br><br>**अनुभव :**<br>न्यूनतम 3 वर्ष के उद्योग अनुभव के साथ 6-8 वर्ष का अनुभव।<br>उत्तम संचार, संवाद और बहु-कार्य कौशल<br><br>**वांछनीय** :<br>उच्च मूल्य परियोजनाओं के प्रबंधन के लिए व्यवसाय विकास/परियोजना प्रबंधन का अनुभव<br><br>**आयु सीमा :** रिक्ति की अंतिम तिथि को अधिकतम 38 वर्ष। |